**राजस्थान सरकार**
**निर्वाचन विभाग**

क्रमांकः प.4(3)(3)स्वीप / निर्वा / National Quiz/2017 / 6299 जयपुर, दिनांक 2/11/2017

प्रेषक :**मुख्य निर्वाचन अधिकारी,**
राजस्थान, जयपुर।

प्रेषित :**समस्त जिला निर्वाचन अधिकारी,**
(कलक्टर) राजस्थान।

**विषय :** National Quiz 2017-18 के आयोजन के सम्बंध में।

**प्रसंग :** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली का पत्र क्रमांक 491/SVEEP-II/EL/ NATIONAL QUIZ/2017 दिनांक 14 जुलाई, 2017, दिनांक 20 सितम्बर, 2017,इस विभाग का पत्र क्रमांक 5696 दिनांक 29 सितम्बर, 2017 एवं आयोग का ई–मेल दिनांक 31.10.2017

**महोदय,**

उपर्युक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्रों के क्रम में National Quiz 2017-18 के Intra-School Round के आयोजन हेतु Question Bank (हिन्दी व अंग्रेजी संस्करण) पत्र के साथ संलग्न कर अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित है। किसी प्रश्न के सम्बंध में संशय की स्थिति में अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।

इस क्रम में निर्देश है कि उक्त Question Bank के अनुसार Intra-School Round का आयोजन निर्धारित Timeline (दिनांक 01–10 नवम्बर, 2017) के अनुसार किया जाना सुनिश्चित करें।

**नोट** : दिनांक 11–17 नवम्बर, 2017 की अवधि में आयोजित किये जाने वाले District Round हेतु पृथक से निर्देश प्रदान किये जायेगें।

**संलग्न : उपरोक्तानुसार**

**भवदीया,**

(डॉ. रेखा गुप्ता)
**अति. मुख्य निर्वाचन अधिकारी,**
**राजस्थान, जयपुर**



www.rajteachers.com

# कठिनाई स्तर : सरल (Intra-School Round)

**कुल प्रश्न : 39**

**अनिवार्य प्रश्न : 30**

**अतिरिक्त प्रश्न : 9**

**सही विकल्प मोटे अक्षरों द्वारा प्रदर्शित किये गये हैं ।**

1. निम्न में से कौन मतदाता सूची में पंजीकरण हेतु अर्हता नहीं रखता हैं ? **(अनिवार्य प्रश्न)**

अ. वह भारत का नागरिक नहीं है।

ब. वह विकृत चित्त का है एवं सक्षम न्यायालय द्वारा ऐसा घोषित किया गया है।

स. वह तत्समय किसी कानून के तहत् मतदान सम्बंधी किसी भ्रष्ट आचरण अथवा अन्य आपराधिक कृत्य हेतु मतदान से निषेध किया गया है।

**द. उपर्युक्त सभी**

**2. निम्न में से कौन सामान्य मतदाता बनने योग्य है? (अनिवार्य प्रश्न)**

**अ. कोई भी भारतीय नागरिक जो मतदाता पुनरीक्षण की अर्हता दिनांक 01 जनवरी को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुका है,** बाकी सभी अर्हताऐं पूर्ण करते हुए।

ब. कोई भी भारतीय नागरिक जो मतदाता पुनरीक्षण की अर्हता दिनांक 25 जनवरी को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुका है, बाकी सभी अर्हताऐं पूर्ण करते हुए।

स. कोई भी भारतीय नागरिक जो मतदाता पुनरीक्षण की अर्हता दिनांक 15 अगस्त को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुका है, बाकी सभी अर्हताऐं पूर्ण करते हुए।

द. कोई भी भारतीय नागरिक जो मतदाता पुनरीक्षण की अर्हता दिनांक 26 जनवरी को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुका है, बाकी सभी अर्हताऐं पूर्ण करते हुए।

www.rajteachers.com

**3. कोई व्यक्ति जो भारत का ------- है मतदाता सूची में मतदाता नहीं बन सकता ? (अनिवार्य प्रश्न)**

अ. नागरिक

ब. अनिवासी

**स. गैर–नागरिक**

द. सेवा–नियोजित मतदाता

**4. फॉर्म 6 के साथ कौन–कौनसे दस्तावेज संलग्न करने होते है ? (अनिवार्य प्रश्न)**

अ. हाल ही में खिचवाया हुआ पासपोर्ट साइज रंगीन फोटोग्राफ, जो फार्म 6 पर चिपकाया जाता है।

ब. आयु प्रमाण–पत्र की फोटोप्रति

स. निवास प्रमाण–पत्र की फोटो प्रति

द. **उपयुक्त सभी**

**5.** EVM का पूरा नाम क्या है ? **(अनिवार्य प्रश्न)**

अ. इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मेकेनिज्म

ब. इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मीटर

स. **इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन**

द. इलेक्ट्रिक वोटिंग मशीन

**6.** EVM निम्न दो से बनी हुई है ? **(अनिवार्य प्रश्न)**

अ. **कन्ट्रोल यूनिट एवं बैलेट यूनिट**

ब. कन्ट्रोल यूनिट एवं बैकअप यूनिट

स. कन्ट्रोल यूनिट एवं बैलेटिंग यूनिट

द. कन्ट्रोल यूनिट एवं वोटिंग यूनिट

www.rajteachers.com

**7.** राष्ट्रपति चुनाव में कौन मतदान कर सकता है ? **(अनिवार्य प्रश्न)**

अ. **समस्त विधानसभाओं के विधायक एवं दोनों सदनों के सांसद**

ब. समस्त विधानसभाओं के विधायक

स. दोनों सदनों के सांसद

द. उपर्युक्त में से कोई नहीं

**8.** मुख्य निर्वाचन आयुक्त एवं निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति किस के द्वारा की जाती है? **(अनिवार्य प्रश्न)**

अ. प्रधानमंत्री

ब. **राष्ट्रपति**

स. लोकसभा का सभापति

द. उपराष्ट्रपति

**9.** लोकसभा एवं विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूचियॉ तैयार करने की जिम्मेदारी किस अधिकारी की होती है ? **(अनिवार्य प्रश्न)**

अ. **निर्वाचक पंजीयन अधिकारी (ईआरओ)**

ब. मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ)

स. जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ)

द. मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी)

**10.** भारत निर्वाचन आयोग का मुख्यालय कहाँ स्थित है ? **(अनिवार्य प्रश्न)**

अ. बैंगलोर

ब. चैन्नई

स. मुंबई

द. **नई दिल्ली**

www.rajteachers.com

11. क्या एक मतदाता दौबारा मत डाल सकता है यदि प्रथम बार उससे गलत उम्मीदवार के पक्ष में मत डल गया है ? **(अनिवार्य प्रश्न)**

अ. हाँ

ब. **नहीं**

स. संभवतः

द. कतिपय मामलो में

12. मतदाता बनने के लिए न्यूनतम निर्धारित आयु कितनी है ? **(अनिवार्य प्रश्न)**

अ. **18 वर्ष**

ब. 21 वर्ष

स. 25 वर्ष

द. 16 वर्ष

13. मतदाता बनने के लिए कौनसा फॉर्म भरना पड़ता है ? **(अनिवार्य प्रश्न)**

अ. फॉर्म 8

ब. फॉर्म 7

स. **फॉर्म 6**

द. फॉर्म 3

14. EPIC में त्रुटियां दुरस्त कराने हेतु किस फॉर्म का उपयोग किया जाता है ? **(अनिवार्य प्रश्न)**

अ. **फॉर्म 8**

ब. फॉर्म 6

स. फॉर्म 7

द. फॉर्म 4

www.rajteachers.com

**15.** मतदाता सूची से नाम हटवाने हेतु किस फॉर्म का उपयोग किया जाता है ? **(अनिवार्य प्रश्न)**

अ. **फॉर्म 7**

ब. फॉर्म 6

स. फॉर्म 8

द. फॉर्म 3

**16.** मतदाता सूची क्या है ? **(अनिवार्य प्रश्न)**

अ. मतदाताओं के नाम की सूची, जिसमें मतदाताओं के नाम एवं पते होते हैं।

ब. मतदाताओं के नाम की सूची, जिसमें मतदाताओं के नाम, आयु एवं पते होते है।

स. **मतदाताओं के नाम की सूची, जिसमें मतदाताओं के नाम, आयु, लिंग एवं पते होते है।**

द. मतदाताओं के नाम की सूची, जिसमें मतदाताओं के नाम होते है।

**17.** EPIC का क्या उपयोग है ? **(अनिवार्य प्रश्न)**

अ. भारतीय नागरिकों द्वारा मतदान करने के लिए पहचान–पत्र

ब. सामान्य पहचान–पत्र

स. आयु व निवास का सामान्य पहचान पत्र

द. **उपर्युक्त सभी**

**18.** निम्न में से कौनसा दस्तावेज आयु प्रमाण हेतु फॉर्म 6 पर लगाने के लिए मान्य नहीं है ?**(अनिवार्य प्रश्न)**

अ. जन्म प्रमाण पत्र

ब. कक्षा 5, 8 व 10 की अंकतालिका

स. पेन कार्ड

द. **कॉलेज द्वारा जारी पहचान–पत्र**

www.rajteachers.com

**19.** फॉर्म 6 के साथ संलग्न करने हेतु निम्न में से कौनसा दस्तावेज निवास प्रमाण के लिए मान्य नहीं होगा ? **(अनिवार्य प्रश्न)**

अ. भारतीय पासपोर्ट

ब. ड्राईविंग लाइसेन्स

स. **स्कूल की डायरी**

द. राशन कार्ड

**20.** विधान सभा चुनाव किस संस्था द्वारा करवाए जाते हैं ?**(अनिवार्य प्रश्न)**

अ. **भारत निर्वाचन आयोग**

ब. राज्य निर्वाचन आयोग

स. गृह मंत्रालय

द. राज्य सरकार

**21.** नगर निगमों एवं नगर परिषदों आदि स्थानीय निकायों के चुनाव किस संस्था द्वारा करवाये जाते है ? **(अनिवार्य प्रश्न)**

अ. भारत निर्वाचन आयोग

ब. **राज्य निर्वाचन आयोग**

स. गृह मंत्रालय

द. राज्य सरकार

**22.** NOTA का पुरा नाम है ? **(अनिवार्य प्रश्न)**

अ. **None of the Above**

ब. None of the Any

स. None of the All

द. Not of the Above

23. EPIC का पुरा नाम है ? **(अनिवार्य प्रश्न)**

अ. Electors Photo Identification Center

ब. Electors Photo Identity Card

स. Electors Photo and Identity Center

द. Electors Picture Identification Card

24. BLO का पुरा नाम है ? **(अनिवार्य प्रश्न)**

अ. **Booth Level Officer**

ब. Booth Legal Officer

स. Booth Leveling Officer

द. Ballot Legitimizing Official

25. FPTP System में FPTP का पुरा नाम है ? **(अनिवार्य प्रश्न)**

अ. Final Post and Terminal Point

ब. **First Past the Post**

स. Federal Post and Transfer Polls

द. First Post and Transfer Polls

26. VVPAT का पुरा नाम है ?**(अनिवार्य प्रश्न)**

अ. **Voter Verifiable Paper Audit Trial**

ब. Valued Voters Paper Audit Tracker

स. Voter Verifiable Poll Audit Tracker

द. Voter Verifiable Poll Audit Trail

www.rajteachers.com

**27.** भारत में कौनसी दल प्रणाली प्रचलित है ?**(अनिवार्य प्रश्न)**

**अ. बहु–दलीय प्रणाली**

ब. द्वि–दलीय प्रणाली

स. एक–दलीय प्रणाली

द. संघ–दलीय प्रणाली

**28.** राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय मान्यता प्राप्त पंजीकृत राजनैतिक दलों को चुनाव चिन्ह कौन आवंटित करता है ? **(अनिवार्य प्रश्न)**

अ. भारत का राष्ट्रपति

**ब. भारत निर्वाचन आयोग**

स. राज्य निर्वाचन आयोग

द. भारत का सर्वोच्च न्यायालय

**29.** मतदान..........................अधिकार है। **(अनिवार्य प्रश्न)**

अ. मौलिक

**ब. संवैधानिक**

स. प्राकृतिक अधिकार

द. वैधानिक अधिकार

**30.** भारत में राजनैतिक दलों को ............................के द्वारा मान्यता दी जाती है। **(अनिवार्य प्रश्न)**

अ. **भारत निर्वाचन आयोग**

ब. लोकसभा

स. राज्यसभा

द. भारत का उच्चतम न्यायालय

www.rajteachers.com

**31.** CEO का पूरा नाम है ? **(अतिरिक्त प्रश्न)**

अ. Central Election Officer

ब. Central Election Official

स. Chief Electoral Officer

द. Chief Election Officer

**32.** राष्ट्रीय मतदाता दिवस कब मनाया जाता है? **(अतिरिक्त प्रश्न)**

अ. 26 जनवरी

ब. 15 अगस्त

**स. 25 जनवरी**

द. 26 नवम्बर

**33.** भारत में राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को क्यों मनाया जाता है? **(अतिरिक्त प्रश्न)**

अ. भारत में प्रथम आम चुनाव इसी दिवस को प्रारंभ हुए थे।

**ब. भारत निर्वाचन आयोग की स्थापना इसी दिवस को हुई थी।**

स. प्रथम राज्यसभा चुनाव इसी दिवस को प्रारंभ हुए थे।

द. भारत के प्रथम मुख्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति इसी दिवस को हुई थी।

**34.** वर्तमान में भारत निर्वाचन आयोग कितने निर्वाचन आयुक्तों से बना है ? **(अतिरिक्त प्रश्न)**

**अ. 3 (1 मुख्य निर्वाचन आयुक्त एवं 2 निर्वाचन आयुक्त)**

ब. 4 (1 मुख्य निर्वाचन आयुक्त एवं 3 निर्वाचन आयुक्त)

स. 2 (1 मुख्य निर्वाचन आयुक्त एवं 1 निर्वाचन आयुक्त)

द. 5 (1 मुख्य निर्वाचन आयुक्त एवं 4 निर्वाचन आयुक्त) www.rajteachers.com

**35.** किस संविधान संशोधन द्वारा मतदान की उम्र 21 से कम कर 18 वर्ष की गई? **(अतिरिक्त प्रश्न)**

अ. 7वाँ संविधान संशोधन

ब. 74वाँ संविधान संशोधन

स. 74वाँ संविधान संशोधन

**द. 61वाँ संविधान संशोधन**

**36.** भारत के प्रथम मुख्य चुनाव आयुक्त कौन थे ? **(अतिरिक्त प्रश्न)**

अ. एस. एल. शकधर

ब. वी. एस. रमादेवी

स. कल्याण सुन्दरम

**द. सुकुमार सेन**

**37.** भारत के वर्तमान मुख्य चुनाव आयुक्त कौन हैं ?**(अतिरिक्त प्रश्न)**

अ. वी. एस. सम्पत

ब. एच. एस. ब्रह्मा

**स. ए. के. जोति**

द. नसीम जैदी

**38. लोकसभा चुनाव में कौनसी मतदान प्रणाली उपयोग में ली जाती है ?**

**(अतिरिक्त प्रश्न)**

अ. एकल संक्रमणीय मत प्रणाली (Single Transferable Vote)

**ब. सामान्य बहुमत प्रणाली (First Past the Post System)**

स. कन्डोरसेट विधि

द. कार्डिनल प्रणाली

www.rajteachers.com

39. लोकसभा या विधानसभा के लिए उम्मीदवार की निर्धारित न्यूनतम आयु क्या है?
**(अतिरिक्त प्रश्न)**

अ. 21 वर्ष

ब. 35 वर्ष

स. 18 वर्ष

www.rajteachers.com

**द. 25 वर्ष**